>

Title: Need to construct roads in Pohari in Gwalior Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh under Central Road Funds.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र का पोहरी विधानसभा क्षेत्र आवागमन की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है, यहां बहुतायत संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं। पौहरी क्षेत्र का प्रगति एवं विकास के लिये निम्नानुसार चार सड़कें सी.आर.एफ. मद से बनाये जाने हेतु, केन्द्रीय भूतल एवं परिवहन विभाग, भारत सरकार से अनुरोध बारम्बार किया गया है। ये सड़क निर्माण कार्य निम्न है–

1. पोहरी मोहना 64 कि.मी. लम्बे मार्ग को डबल लेन में परिवर्तन।

2. झलवासा मारौरा से ग्राम ऊंची बरोद सड़क मार्ग पर 10 कि.मी. डामरीकृत सड़क का निर्माण।

3. ए.बी.रोड़ ग्राम धौलागढ़ से मगरौनी तक वाया बन्हारी डामरीकृत सड़क मार्ग का निर्माण।

4. ग्राम छर्च से शाहबाद के लिए 15 कि.मी. डामरीकृत सड्क मार्ग बनाने का निर्माण।

ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के अति पिछड़े पोहरी विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्तानुसार चार सड़कों का निर्माण सी.आर.ए. मद से कराये जाने हेतु केन्द्रीय भूतल एवं परिवहन विभाग, भारत सरकार से अनुरोध है।